53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.2°c | अधिकतम 28.5 °c

**अमृतवाणी**
चिंता करोगे तो भटक जाओगे,
चिंतन करोगे तो भटके हुए
को रास्ता दिखाओगे।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:21, सूर्यास्त - 7:11 | वर्ष : 53/ अंक : 145 | मंगलवार, 27 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अमावस | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कांग्रेस,तुच्छ राजनैतिक लाभ के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रही है : मदन राठौर



अब तो तुच्छ राजनैतिक लाभ ही विराट लगता है.......

# जमीनी विवाद में चली गोली से एक की मौत, 4 घायल

**मीरापुर, 26 मई (बु.)।** ग्राम भूम्मा में एक ही परिवार के दो पक्षों में देर रात कहासुनी तथा लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष ने गोली चला दी, जिसमें दूसरे पक्ष के वृद्ध की मौत हो गई, जबकि मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीरापुर थानाक्षेत्र के गाँव भूम्मा निवासी महकार पुत्र किरण सिंह व सतपाल पुत्र तिरखा के बीच विवाद चला आ रहा था। रविवार की देर रात दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के सतपाल व उसके पुत्र सोकेंद्र, जोनी उर्फ योगेंद्र व भाई संतर तथा भतीजे सुनील ने दूसरे पक्ष महकार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस बीच सोकेंद्र जो कि दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल है, ने तमंचा निकालकर महकार को गोली मार दी। जिससे महकार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो पुत्र सोनी उर्फ नेमपाल व बलराम सहित दूसरे पक्ष से जोनी उर्फ योगेंद्र व सतपाल भी घायल हो गए। वहीं रात्रि में शोर-शराबे व फायरिंग से गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा व भूम्मा चौकी इंचार्ज अनुज चौधरी ने सभी घायलों को जानसठ अस्पताल भिजवाया। वहीं मौत की सूचना पर देर रात एसपी देहात आदित्य बंसल व सीओ यतेंद्र नागर भी मौके पर आ गए तथा मामले की छानबीन करते हुए दोनों पक्ष के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने देर रात ही जोनी उर्फ योगेंद्र, संतर, सतपाल व सुनील को हिरासत में ले लिया। मृतक के पुत्र बलराम ने पांचों आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव का गमगीन माहौल में गाँव के निकट खेतों में अन्तिम संस्कार कर दिया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसबल तैनात है।



मृतक महकार का फाईल फोटो







## दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल ने तमंचे से गोली मारी

**मीरापुर, 26 मई (बु.)।** ग्रामीणों के अनुसार मृतक महकार सिंह व सतपाल के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। इसी को लेकर देर रात दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी तथा दिल्ली पुलिस में तैनात कांस्टेबल सोकेंद्र सिंह ने अन्टी से तमंचा निकालकर महकार सिंह की हत्या कर दी। बता दें कि घटना के कई लाईव वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चल रहे हैं तथा आरोपी दिल्ली का कांस्टेबल सोकेंद्र सिंह गोली मारते हुए साफ दिखाई दे रहा है।

## गांव में पसरा सन्नाटा

**मीरापुर, 26 मई (बु.)।** भूम्मा गांव में देर रात हुई महकार सिंह की हत्या की बात जब सुबह ग्रामीणों को पता चली, तो हर कोई इस घटना के बारे में चर्चा करता हुआ दिखाई दिया तथा ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना देते नजर आए। बता दें कि किसान की मौत के बाद रात भर गांव में पुलिस तैनात रही तथा सन्नाटा पसरा रहा। मृतक महकार के पुत्र बलराम ने बताया कि कुछ दिन पूर्व दोनों पक्षों में डोल को लेकर विवाद हुआ था, जिस पर महकार ने डोल को सीधी कर मामले का निपटारा कर दिया था, जिसके बाद महकार का पौत्र रियांशु गाँव से घर की ओर आ रहा था, जिस पर आरोपी पक्ष के युवकों ने रियांशु से मारपीट कर दी, जिस पर रियांशु ने बचाव के लिए अपने बाबा महकार को आवाज दी, तो बाबा महकार ने बीचबचाव करते हुए रियांशु को घर के अंदर खींच लिया आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने घर के अन्दर घुसकर महकार की गोली मारकर हत्या कर दी।



"रात में भूम्मा गांव में एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट हुई और अवैध हथियार से फायरिंग हुई। फायरिंग से एक वृद्ध की मौत हुई है। उक्त मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जिनके नाम मुकदमा दर्ज हुआ है उन्हे थाने बैठाया हुआ है और मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही जांच की जा रही है कि आरोपी कांस्टेबल छुट्टी लेकर आया था या बिना छुट्टी के घर आया था।"
**आदित्य बंसल, एसपी देहात, मुजफ्फरनगर**

# तहसील सदर में अब बैनामा हुआ महंगा, नए सर्किल रेट लागू

**डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति की सुनवाई के बाद लिया निर्णय ▸ करीब 2 वर्ष बाद तहसील सदर में लागू हुए नए सर्किल रेट**

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** सोमवार से तहसील सदर में लागू किए नए सर्किल रेटों के आधार पर अब किसी भूमि या मकान आदि का बैनामा कराना आसान नहीं रहा है। डीएम उमेश मिश्रा की स्वीकृति के बाद तहसील सदर की सूचीबद्ध तमाम 1573 संपत्तियों के लिए अब सोमवार को नए सर्किल रेट लागू कर दिए गए हैं। आज से लागू नए सर्किल रेट में 15 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी किये जाने का दावा किया गया है। हालांकि उक्त लागू सर्किल रेट दो साल बाद बढ़ाये गये हैं, जिसके लिए बड़े पैमाने पर आपत्तियां आई थी, जिनका डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता वाली कमेटी ने सुनवाई के बाद निस्तारण किया है। तहसील में उक्त नए सर्किल रेट आज से लागू हो जाने के कारण सोमवार को तहसील सदर में इस दौरान बैनामा कराने आए हुए लोगों को संपत्ति रजिस्ट्रीकरण के लिए पहले से कहीं अधिक स्टांम्प मूल्य चुकाना पड़ा, जिसे लेकर लोगों के चेहरों पर मायूसी दिखाई दी। डीएम उमेश मिश्रा की पहल पर तहसील सदर के उप निबंधक प्रथम एवं द्वितीय कार्यालयों में सोमवार से अब सूचीबद्ध नगरीय, अर्द्धनगरीय व ग्रामीण क्षेत्र वाली तमाम संपत्तियों के लिए अब नए सर्किल रेट सोमवार से लागू हो गए हैं।

**यह हैं नए सर्किल रेट**

| | |
|---|---|
| वसुंधरा रेजीडेंसी/स्मार्ट सिटी | 50000 से लेकर 60000 हजार |
| शिक्षक कालोनी | 60000 से लेकर 85000 हजार |
| गांधी कालोनी | 75000 से 90000 हजार |
| नई मंडी | 100000 से 135000 लाख |
| आर्यपुरी | 70000 से 75000 हजार |
| एटू जेड फर्स्ट, सेकेंड व थर्ड | 55000 से 75000 हजार |
| केशवपुरी | 55000 से 75000 हजार |
| कौशांबी | 55000 से 65000 हजार |
| शांकुतलम | 55000 से 65000 हजार |
| स्टेट बैंक कालोनी | 65000 से 75000 हजार |

इसके साथ अब तहसील सदर क्षेत्र में कृषि, आवासीय और वाणिज्यिक जमीन खरीदना और भी महंगा हो गया है। इस बार नए सर्किल रेट में करीब 10 से 25 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। कुछ क्षेत्रों में यह बढ़ोतरी 30 प्रतिशत तक पहुंच गई है। एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि डीएम उमेश मिश्रा द्वारा सर्किल रेट सूची के संशोधन संबंधी प्रस्ताव का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सदर तहसील में नए सर्किल रेट 26 मई से ही लागू कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह सूची जिला निबंधक कार्यालय एवं समस्त उप निबंधक कार्यालय में उपलब्ध करा दी गई है। इसके साथ ही जनपद मुजफ्फरनगर की वेबसाईट पर भी इसको अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि तहसील सदर के उपनिबंधक प्रथम कार्यालय में सूचीबद्ध 285 व उप निबंधक द्वितीय कार्यालय में सूचीबद्ध 288 संपत्तियों के लिए नए रेट तय हुए हैं। इसके लिए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में गठित कमेटी में शामिल रहे एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबंधन वीर सेन, उप निबंधक सदर प्रथम श्रीनिवास यादव और उप निबंधक सदर द्वितीय अनिल सिंह ने आपत्तियों के निस्तारण के बाद सूची जारी कर दी है।

# अब कान लो खोल, अतिक्रमण में नहीं होगा इस बार कोई झोल

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** मुजफ्फरनगर प्रशासन अब मुजफ्फरनगर को सुधार की ओर ले जाते दिखाई दे रहा है। अवैध ई-रिक्शाओं का मुद्दा हो या शहर में अवैध अतिक्रमण, अब कोई बचने के हालात में नहीं दिखाई दे रहा है। अब वह दिन चले गए जब दो दिन ढिंढोरा पिटता था और तीसरे दिन ढाक के तीन पात होते हुए अतिक्रमण फिर से कर लिया जाता था। व्यापारी हों या सड़क पर बीचो-बीच ठेले खड़े करने वाले, प्रशासन की मंशा अब इन्हें पूरी तरह हटाने की है। हाल ही में लगभग एक सप्ताह पूर्व प्रशासन ने एक बड़ी मीटिंग करके अवैध ई-रिक्शा एवं अवैध अतिक्रमण के लिए खुलकर चेतावनी दी थी कि अब मुजफ्फरनगर में सबके सहयोग से शहर का सुधार होगा। इस कड़ी में सबसे पहले इन दोनों मुद्दों पर सख्ती बरती जाएगी, जिसमें अवैध अतिक्रमण करवाने वाले व्यापारी व अवैध ई-रिक्शा चलवाने वाले सहयोग प्रदान करेंगे, चूंकि प्रशासन ने व्यापारियों को 23 मई तक अतिक्रमण हटवाने की चेतावनी दी थी, बावजूद उसके आज 26 मई तक सिर्फ 25 फीसदी व्यापारियों ने ही अतिक्रमण हटवाया था। इसलिए आज शाम प्रशासन द्वारा भगत सिंह रोड पर लाउड स्पीकर से ऐलान कराकर पूरा अतिक्रमण हटवाया गया। स्वयं टीएसआई इन्द्रजीत सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि आप लोग अपना अतिक्रमण अपने आप ही हटा लें, यदि चेतावनी के बाद भी अपने अतिक्रमण नहीं हटाया तो अगली बार जो सामान अतिक्रमण में आया उसे प्रशासन खुद ट्रॉली में भरकर ले जाएगा। इस अवसर पर टीएसआई इन्द्रजीत सिंह के साथ शहर कोतवाली पुलिस भी मौजूद रही।



## एसडी मार्किट में एसी का कम्प्रेशर फटने से मची अफरा-तफरी

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** एसडी मार्किट में सोमवार को दोपहर के समय धमाका होने के बाद अफरा तफरी का माहौल मच गया। धमाके की जोरदार आवाज के बाद दुकानदार दुकानों के बाहर आए और मामले का पता किया तो एसी का आउट डोर सिस्टम का कम्प्रेशर फटा मिला। शुक्र यह रहा कि उक्त आउट डोर सिस्टम मार्किट के अंदर नहीं, बल्कि छत पर रखा हुआ था। धमाका इतना जोरदार था कि एक बार के लिए पुलिस भी दहशत में आ गयी और धमाके की आवाज सुनते ही तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और खुद मामले की जांच की। मामले की जांच के बाद जब पुलिस को ज्ञात हुआ कि वास्तव में एसी का आउटडोर कम्प्रेशर फटा है, तब जाकर मार्किट के व्यापारियों व पुलिस ने राहत की सांस ली।



# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो शातिर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह दो शातिरों मन्सूरपुर पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया वहीं पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। शातिर वाहन चोर दिल्ली व आसपास के जिलों से वाहन चोरी कर दूसरे राज्यों में बेचते थे। दोनों वाहन चोरों की निशानदेही पर तीन लग्जरी कारें पुलिस द्वारा बरामद की गयी हैं। पुलिस का बताना है कि घायल बदमाश पर दिल्ली समेत कई जनपदों में 40 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि देर रात मन्सूपुर थाना प्रभारी सुभाष अत्री को सूचना मिली कि बेगराजपुर चौकी क्षेत्र में बंद पड़ी एक फैक्ट्री में चोरी के वाहन खड़े हुए है और शातिर वाहन चोर चोरी के वाहन लेने के लिए आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की तो, अपने को घिरता देख उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। मजबूरन पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी और वाहन चोर वाहिद उर्फ डॉ. वाहिद निवासी गांव राधना थाना किठौर जिला मेरठ हाल निवासी जिला हापुड़ गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर दूसरे वाहन चोर आसिफ निवासी गांव बहरामपुर थाना जानी मेरठ को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी ने बताया कि दोनों वाहन चोर दिल्ली व आसपास के जिलों से कारों को चोरी करने के बाद बंद पड़ी फैक्ट्री में लाकर खड़ी कर देते हैं। उसके बाद इंजन व चेसिस नम्बर बदलकर मध्यप्रदेश, राजस्थान व पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में बेच देते हैं। गिरफ्तार वाहन चोरों से तीन लग्जरी कारें व चोरी करने में सहायक उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने बरामद हुई कारों की कीमत लगभग 70 लाख रुपए बताई है। तीनों कारें अज्जु व शोएब मलिक के साथ मिलकर दिल्ली से चोरी की गयी थी। इस गिरोह में कई बदमाश शामिल हैं। पुलिस चैकिंग से बचने के लिए यह गिरोह चोरी की कारों पुलिस का स्टीकर या फिर पुलिस की कैप रखकर पुलिस को चकमा दे देता था और अभी तक पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका था, लेकिन सोमवार को सटीक सूचना के आधार पर पुलिस को उक्त वाहन गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली।





# शहीद सिपाही सौरभ देशवाल का अंतिम संस्कार

## गणमान्यों ने दी शहीद सिपाही सौरभ देशवाल को अंतिम विदाई

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** यूपी के गाजियाबाद में रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में शामली जनपद का जवान सौरभ शहीद हो गया। आपको बता दें कि रविवार देर रात गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव में लूट के मामले में वांछित बदमाश कादिर उर्फ मंटा की गिरफ्तारी के लिए फेज-3 थाने की पुलिस दबिश के लिए पहुंची थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया था। मगर गिरफ्तार आरोपी को बचाने के लिए उसी के आठ-दस साथियों ने पंचायत भवन के पास अचानक पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद बेखौफ बदमाशों द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गयी और उक्त फायरिंग में कई राउंड गोलियां चली। इनमें से एक गोली सौरभ के सिर पर जा लगी, जिससे सिपाही सौरभ कुमार को तत्काल यशोदा हॉस्पिटल गाजियाबाद ले जाया गया जहां सिपाही सौरभ की दुःखद मौत हो गयी। सूचना पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। आपको बता दें कि घटनाक्रम के दौरान बदमाश अपने मंसूबे में कामयाब रहे और आरोपी कादिर अपने साथियों समेत फरार हो गया। मगर कुछ ही देर में पुलिस ने उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को सौरभ के पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम होने के बाद शामली में उसके पैतृक गांव लाया गया जहां राजकीय सम्मान के साथ मंत्रियों और पुलिस की मौजूदगी में श्रद्धांजलि देते हुए अंतिम संस्कार किया गया। श्रद्धांजलि व अंतिम संस्कार में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश खटीक, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, एमएलसी वीरेंद्र सिंह समेत तमाम नेता उपस्थित रहे। वहीं अंतिम संस्कार के दौरान शहीद के पिता ने आरोपी बदमाशों के घर पर बुलडोजर चलने और उनका एनकाउंटर किए जाने की मांग योगी सरकार से की है। मंत्री दिनेश खटीक ने सरकार की ओर से शहीद के परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक मदद व एक सरकारी नौकरी दिए जाने की घोषणा की है।





# डॉ. दुष्यन्त कुमार को किया कॉलेज से निष्कासित

**▸ प्रबंध समिति की बैठक में उठा छात्रा उत्पीड़न का मुद्दा ▸ प्रबंध समिति ने मामले में की शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही**

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** सोमवार को सरकुलर रोड स्थित चौ. छोटूराम डिग्री कॉलेज प्रबंध समिति की आकस्मिक बैठक महाविद्यालय में संपन्न हुई, जिसमें एक छात्रा द्वारा प्लांट पैथोलॉजी विभाग में कार्यरत सहायक शिक्षक डॉ. दुष्यन्त कुमार के विरुद्ध लगाए गए यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के संदर्भ में चर्चा की गई। बैठक में महाविद्यालय द्वारा गठित प्रारंभिक जांच समिति की रिपोर्ट के अनुसार, डॉ. दुष्यंत कुमार का व्यवहार एवं आचरण एक शिक्षक के रूप में अनैतिक व गंभीर अनुशासनहीनता का होना पाया गया। छात्रा की शिकायत पर शिक्षक को 24 मई में पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वर्तमान में शिक्षक न्यायिक हिरासत में है, जो न केवल कॉलेज गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि संस्था की समाज में प्रतिष्ठा को भी आघात पहुंचाता है। सोमवार को प्रबंध समिति की संपन्न बैठक की जानकारी देते हुए चौधरी छोटूराम डिग्री कॉलेज के सचिव शरद कुमार ने बताया कि छात्रा के यौन उत्पीड़न के उक्त मामले में जांच समिति की प्राप्त रिपोर्ट पर पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श करते हुए निर्णय लिया कि सहायक शिक्षक डॉ. दुष्यंत कुमार को तत्काल प्रभाव से कॉलेज से निलंबित किया जाता है। इसके साथ ही, इस प्रकरण की विस्तृत और निष्पक्ष जांच के लिए उक्त मामले को अब महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति को सौंपे जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि इसके साथ कॉलेज प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि छात्राओं की गरिमा व सुरक्षा सर्वोपरि है और इस तरह के किसी भी अनुचित व्यवहार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## नहीं मिली छात्रा से अश्लील बातें करने वाले प्रोफसर को जमानत

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** तीन दिन पहले सरकुलर रोड स्थित चौ. छोटूराम डिग्री कॉलेज की छात्रा ने प्रोफेसर दुष्यंत कुमार पर मय सबूतों के गंभीर आरोप लगाते हुए मीडिया को प्रोफेसर द्वारा तीन साल से हो रहे मानसिक उत्पीड़न की जानकारी दी थी। छात्रा ने यह भी बताया था कि असिस्टेंट प्रोफेसर दुष्यंत कुमार ने उसे पढ़ाते समय छेडछाड़ तक की और लगातार उसके यौन शोषण के प्रयास में लगा रहा और प्रोफेसर ने यहां तक धमकी दी कि यदि छात्रा ने उसके साथ सहमति न बनाई तो वह उसे प्रयोगात्मक परीक्षा में फेल कर देगा, जिसके बाद पुलिस ने प्रोफेसर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और छात्रा के बयान दर्ज करा लिये गए। इस मामले में प्रोफेसर दुष्यंत कुमार के वकील ने प्रोफेसर की जमानत लेने का प्रयास किया मगर कोर्ट ने दुष्यंत को जमानत नहीं दी। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह का कहना कि छात्रा के कोर्ट में बयान दर्ज होने के बाद छात्रा को परिजनों के साथ वापस घर भेज दिया गया।

## सिर कलम करने की धमकी देने वाले राहुल बेदी की रिमांड मंजूर

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के पक्ष में एक रैली का आयोजन किया गया था। उक्त रैली के दौरान वक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिन्दू संगठनों के विरुद्ध भाषण दिये थे। एक ओर जहां कैराना सांसद इकरा हसन ने हिन्दू संगठनों के नेताओं की तुलना आतंकी कहकर की थी वहीं भाकियू बेदी गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी ने जोश में आकर यह बयान दिया था कि राकेश टिकैत कहें और सिर्फ दस मिनट का समय दें, तो टिकैत से बदसलूकी करने वालों का सिर कलम कर ला देंगे। उक्त दोनों वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, मगर उक्त मामले में राहुल बेदी के खिलाफ तो मुकदमा दर्ज कर लिया गया था मगर सांसद होने के नाते मुजफ्फरनगर के प्रशासन की हिम्मत इकरा हसन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की नहीं हो पाई थी। ऐसे में थाना सिविल लाइन पुलिस ने राहुल बेदी को अपने मुकदमे में कोर्ट में तलब कराने के लिए बी वांरट तामील कराया था और एक पुराने मुकदमे में सहारनपुर पुलिस ने उन्हें पहले ही जेल में बंद कर रखा था। सोमवार को सहारनपुर पुलिस ने जेल से राहुल बेदी को लाकर सीजेएम कोर्ट में पेश किया और थाना सिविल लाइन में दर्ज भड़काऊ भाषण के मुकदमे में कोर्ट ने राहुल बेदी का रिमांड मंजूर कर लिया। कोर्ट से राहुल बेदी को जिला कारागार भेज दिया है।

# बिना अनुमति के बनाई जा रही अवैध मस्जिद पर कार्यवाही, लगाई सील, दो आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** एसपी देहात आदित्य बंसल ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि कल शाम भोपा थाने को एक सूचना मिली कि कुछ लोग अपनी मनमर्जी करते हुए मोरना में बिना परमीशन के एक अवैध धार्मिक ढांचे का निर्माण कर रहे हैं और किसी भी धार्मिक ढांचे का निर्माण करने के लिए शासन की अनुमति चाहिए होती है, मगर कुछ लोगों के हौसले अभी भी बुलंद हैं। इसी क्रम में भोपा थाना क्षेत्र के मोरना गांव में बिना परमीशन के ही एक ढांचे का अवैध निर्माण कराया जा रहा था, जिसकी सूचना एसडीएम जानसठ को दी गयी तो उनके द्वारा एक तहसीलदार की टीम वहां भेजी गयी तथा नियमों का उल्लंघन पाने पर उक्त प्रोपर्टी को हाथोंहाथ सील कर दिया गया साथ ही टीम ने कार्यवाही करते हुए न्याजूदीन और यूनुस नामक दो व्यक्तियों का शांतिभंग में चालान भी कर दिया। बताया जाता है कि 170 बीएनएस के अन्तर्गत उन पर कार्यवाही भी की गयी है और दोनों को जेल भेज दिया गया है। उक्त मामले का हाथोंहाथ पता चल जाने के कारण क्षेत्र में तनाव व्याप्त होने से भी बच गया। बड़ी बात यह है कि प्रदेश में योगी सरकार होने के बाद भी कुछ लोगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे किसी भी रूप में न तो स्थानीय प्रशासन से डरते हैं और न ही योगी सरकार से। यदि उक्त मामले की जानकारी क्षेत्र के ग्रामीण समय रहते न देते तो यहां मस्जिद बनकर अवैध रूप से खड़ी कर दी जाती और बाद में इसे ही तुड़वाने केलिए मामले को साम्प्रदायिक रंग दे दिया जाता।



# कलयुगी पुत्र को मोबाइल चलाने से रोका तो पिता को ही मार दी गोली

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** युवाओं के मोबाइल में डूबने का क्रम लगातार बढ़ता जा रहा है और मोबाइल से रोकने पर आए दिन घरों में विवाद भी होते दिखाई दे रहे हैं। युवा पीढ़ी को यह तक अंदाजा नहीं कि उक्त मोबाइल कितने समय इस्तेमाल किया जाना चाहिए। पूरे दिन में 6-12 घंटे तक युवा पीढी मोबाइल का इस्तेमाल करने लगी है, जिससे मानसिक अवसाद तो पैदा हो ही रहे हैं, और युवाओं की यह लत माता-पिता पर भी भारी पड़ रही है। ऐसा ही एक खौफनाक मामला उत्तराखण्ड के लक्सर से सामने आया।

उत्तराखण्ड के लक्सर कोतवाली स्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल द्वारा प्रेस वार्ता कर बताया कि थाना खानपुर क्षेत्र के ग्राम हस्तमौली बस्ती निवासी सौरभ पुत्र मलखान द्वारा 23 मई को पुलिस को सूचना दी थी कि उसके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया तो मौके पर एक व्यक्ति मलखान पुत्र स्वर्गीय महेन्द्र सिंह मृत अवस्था में पाया गया, जिसके सीने में गोली मारी गई थी। पुलिस की टीम ने मृतक के संबंध में जानकारी जुटाई तो ज्ञात हुआ कि मृतक मलखान एक साधारण जीवन जीता था। उसका बड़ा पुत्र सूरज घर पर ही रहता था और अधिकतर समय मोबाइल में पबजी, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि पर व्यर्थ पैसे खर्च करता था। मृतक का पुत्र सूरज लड़कियों से भी फोन पर बातें किया करता था, जिस पर मृतक मलखान को आपत्ति थी। मृतक द्वारा अपने पुत्र को समय बर्बाद न करने के लिए अक्सर रोका भी जाता था। घटना के दिन भी मृतक और उसके पुत्र सूरज के बीच मामूली विवाद हुआ था। जैसे ही मलखान चारपाई पर सोया, उसके पुत्र सूरज ने सीने में गोली मार दी और फिर चुपचाप अपने बिस्तर पर लेट गया। घर पर मृतक की पत्नी और छोटा पुत्र भी थे, जो गहरी नींद में सो रहे थे। गोली की आवाज से हल्की सी हलचल हुई, परंतु कोई स्पष्ट स्थिति न पाकर पुनः सो गए। प्रातः 4:00 बजे जब मृतक की पत्नी ने पति को उठाया तो खून से लथपथ अवस्था में मृत पाया, और शोर मचाया। बेटे सूरज ने भी मगरमच्छ के आंसू बहाकर मातम में भाग लिया, खानपुर पुलिस की सूक्ष्म दृष्टि ने उसकी हरकतों में संदेह देखा। जब पुलिस ने सघन पूछताछ की, तो आरोपी टूट गया और अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वह अपने पिता की रोज-रोज की डांट से परेशान था, इसी कारण उसने अपने पास मौजूद 12 बोर के तमंचे से हत्या कर दी और हत्या के बाद तमंचे को पास ही गन्ने के खेत में फेंक दिया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर लिया गया।



## आचार संहिता उल्लंघन मामले में में सिपाही से जिरह

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)।** 2023 में बुढ़ाना से विधानसभा चुनाव लड़ने के दौरान राजपाल बालियान के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। उक्त मामले की सुनवाई एसीजेएम-प्रथम देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है, जहां सोमवार को बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि सोमवार को कोर्ट में सिपाही प्रशांत यादव पेश हुआ, जिससे बचाव पक्ष द्वारा जिरह की गयी है। इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 30 मई निर्धारित की है वहीं दूसरी ओर गांव खुब्बापुर में एक बवाल हुआ था, जिसमें पूर्व विधायक उमेश मलिक व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। इस मामले की सुनवाई भी एसीजेएम प्रथम की कोर्ट में चल रही है। कोर्ट में 313 के तहत बयान दर्ज होने थे, लेकिन कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में अगली सुनवाई के लिए 10 जून की तारीख तय की गयी है। पूर्व विधायक उमेश मलिक सोमवार को कोर्ट में पेश हुए थे।

# बेसिक शिक्षा की योजना के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण, लोक भवन लखनऊ में किया गया शुभारम्भ

## - प्रधानाध्यापक/अध्यापिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, वितरित किये टैबलेट







मुजफ्फरनगर, 26 मई (बुस.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बेसिक शिक्षा की योजना के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण व शिलान्यास का कार्यक्रम लोक भवन लखनऊ में शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण आज जिला पंचायत सभागार में राज्य मंत्री ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. सोमेंद्र तोमर, अध्यक्ष जिला पंचायत वीरपाल निर्वाल, एमएलसी वन्दना वर्मा, विधायक मीरापुर, जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, अपर जिला अधिकारी प्रशासन संजय कुमार, बीएसए संदीप कुमार, भाजपा नेता अचिंत मित्तल, बेसिक शिक्षा विभाग अधिकारी गण एवं अध्यापक अध्यापिकाओं आदि ने सीधा प्रसारण को देखा। इसके उपरांत राज्यमंत्री ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. सोमेंद्र तोमर जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल तथा जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले बेसिक शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया गया, जिस कारण परिषदीय विद्यालयों में अभिभावक लोग अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए नहीं भेजते थे। 2017 के बाद शिक्षा में परिवर्तन हुआ है, भारत के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शिक्षा पर ध्यान देते हुए और शिक्षा को बेहतरीन बनाए जाने के लिए प्रयासरत रहे हैं। प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों का कायाकल्प कर अच्छे भवन बेहतर फर्नीचर मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया है। परिषदीय विद्यालयों की सूरत अब बदल गई है और बदल रही है, कंपोजिट विद्यालय तथा विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के मध्यम से छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है। अब विद्यालय में बच्चे भी पढ़ने के लिए आते हैं और अध्यापक भी मन लगाकर पढ़ाते हैं। छात्र-छात्राओं का पंजीकरण स्तर लगातार पहले की तुलना में अब बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि छात्र-छात्राओं को एक ही छत के नीचे एक ही जगह पर पूर्ण शिक्षा मिले, इस पर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अध्यापक/अध्यापिकाओं से कहा कि छात्र-छात्राओं को प्राथमिक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व संस्कार देने की जिम्मेदारी है, छात्र-छात्राओं को और अच्छी शिक्षा प्रदान करें, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही सम्मान मिलता है, छात्र-छात्राओं को और बेहतरीन तरीके से पढ़ाएं, जिससे जो विद्यालय सम्मानित होने से छूट गए हैं, वह भी सम्मानित हो सके। उन्होंने कहा कि डीबीटी के माध्यम से सत्र 2025 26 के छात्र-छात्राओं के विभागों के खातों में रूपये 1200 की धनराशि हस्तांतरित की गई है, इस धनराशि से अभिभावक अपने बच्चों के लिए ड्रेस, बैग, जूता मौजा, स्वेटर एवं स्टेशनरी खरीद सकेंगे। समर कैंप में योग क्लास तथा इंडोर गेम्स, कैरम बोर्ड, नृत्य, गायन, वादन, आदि के छात्रों के बीच कराया जाए। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आज विद्यालयों को जो सुविधाएं दी हैं, हम उन सुविधाओं को जनपद के परिषदीय विद्यालय की शिक्षा को कैसे सबसे अच्छी बेहतरीन शिक्षा बना सकेंगे, इस पर पूर्ण प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि छात्र-छात्राओं को और बेहतरीन शिक्षा कैसे दी जाए, इस पर विचार कर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके उपरांत राज्य मंत्री ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. सोमेंद्र तोमर ने निपुण विद्यालय, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब एवं कंप्यूटर लैब, समर कैंप में अच्छे कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों अध्यापिकाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारीगण एवं

# छात्र की चोटी काटने व तिलक मिटाने का मामला

## डीएम से मिला संयुक्त हिन्दू मोर्चा पीड़ित परिवार के साथ, लगाया आरोप: शिक्षिका बना रही फैसले का दबाव



मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)। काजीखेड़ा के प्राइमरी स्कूल में मुस्लिम शिक्षिका द्वारा छात्र की चोटी काटने और तिलक मिटाने की घटना पर शिक्षिका के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने के विरोध में सोमवार को फिर संयुक्त हिंदू मोर्चा के अध्यक्ष मनोज सैनी व शिव सेना प्रदेश महासचिव डॉ. योगेंद शर्मा के नेतृत्व में पीड़ित परिवार ने क्षेत्र के लोगों के साथ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम उमेश मिश्रा ने संयुक्त हिंदू मोर्चा प्रतिनिधियों व पीड़ित परिवार से वार्ता करते हुए न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। डीएम उमेश मिश्रा से मिलने के दौरान पीड़ित परिवार ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि उक्त शिक्षिका द्वारा काफी दिनों से छात्र को टीका लगाने व चोटी रखने पर प्रताड़ित किया जा रहा था। यही नहीं मुस्लिम छात्रों द्वारा भी उसे परेशान किया जाता था। शिक्षिका से शिकायत करने पर वो उल्टा छात्र को डांटती और कहती थी कि तुम यहां हनुमान चालीसा पढ़कर वशीकरण करते हो। इसके बाद ही शिक्षिका द्वारा छात्र की चोटी काटने के साथ ही उसका तिलक मिटा दिया था। पीड़ित परिवार ने बताया कि जांच के नाम पर शिक्षिका के समर्थकों के बयान मात्र लिए गए हैं और क्षेत्र के दबंगों द्वारा उन पर फैसला करने का दबाव बनाया जा रहा है। डीएम उमेश मिश्रा ने मामले में हिंदू नेताओं व पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी और पीड़ित परिवार का कोई उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से लोकेश सैनी, अखिलेश पुरी, अखिलेश शर्मा, सागर कश्यप, आरती कश्यप, अंकित कश्यप, ठाकुर सनातन, नरेश, बुध सिंह, राजू कुमार, बसंत कश्यप, आशीष शर्मा, सचिन जोगी व सचिन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों ने एनएसए के जवाब पर किया विरोध प्रदर्शन

## - जवाब पर संतुष्ट नहीं महासभा के पदाधिकारी, जताया कड़ा रोष - 17 बिन्दुओं पर नगरपालिका प्रशासन से मांगा था जवाब

मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)। पालिका सफाई कर्मियों के हितों को लेकर उठाई जा रही मांगों व समस्याओं के समाधान को लेकर एडीएम प्रशासन को सौंपे गए 17 बिन्दुओं के मांग पत्र पर पालिका प्रशासन द्वारा जवाब भेजे जाने को लेकर वाल्मीकि समाज से जुड़े नेताओं ने कड़ा रोष जताते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर समाज की अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगाये और सभी जवाबों को सिरे से खारिज करते हुए मांगों के समाधान की खातिर वार्ता बुलाने की मांग की। सोमवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष चमन लाल ढिंगान ने बताया कि उनके द्वारा 15 मई को पालिका में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और इसके बाद 21 मई को एडीएम प्रशासन को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों को लेकर मांग पत्र दिया था। इसमें मुख्य रूप से सफाई कर्मचारी संघ कार्यकारिणी का चुनाव कराने, आउटसोर्स कर्मियों को समय से वेतन, संविदा कर्मियों को समान कार्य समान वेतन, मृतक आश्रित मामलों में नौकरी योग्यता के आधार पर देने, ठंडी और गरम वर्दी देने, साइकिल भत्ता कम होने पर दो लीटर पेट्रोल देने व सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने सहित अन्य मांग शामिल रही। एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने महासंघ की इन मांगों पर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उक्त आख्या तलब की थी। ईओ ने प्रकरण में एनएसए डॉ. अतुल कुमार को कार्यवाही कर रिपोर्ट मांगी थी। इसके लिए 17 बिन्दुओं पर डॉ. अतुल ने बिन्दुवार जवाब ईओ के माध्यम से एडीएम प्रशासन को भेज दिया। इसमें प्रत्येक मांग का निस्तारण होने का दावा किया है। महासंघ के जिलाध्यक्ष चमन लाल ढिंगान इसे लेकर सोमवार को पालिका पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग में प्रदर्शन करते हुए रोष जताया। उन्होंने एनएसए के नाम सौंपे पत्र में कहा है कि सफाई कर्मियों के समस्याओं के समाधान के लिए जो जवाब पालिका से एनएसए द्वारा एडीएम प्रशासन को भेजा, वह संतोष जनक नहीं है। इसमें संघ कार्यकारिणी चुनाव कराने के लिए गोलमोल जवाब दिया गया, जबकि नवंबर 2024 में संघ का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है और जानबूझकर चुनाव को टाला जा रहा है। उन्होंने रोष जताया कि महासंघ से वार्ता किये बिना ही मांगों को लेकर जवाबी पत्र तैयार कर भेजा गया है, यह कार्यप्रणाली निंदनीय है। एनएसए डॉ. अतुल कुमार का कहना है कि मांग पत्र में कई बिन्दु ऐसे हैं, जिनका निस्तारण या तो शासन स्तर या बोर्ड से होना है। वहीं ठंडी वर्दी कर्मियों को दी गई है। गरम वर्दी दो वर्ष में 1 बार दी जाती है। आउटसोर्स कर्मियों का भुगतान शासनादेश के अनुसार बोर्ड द्वारा स्वीकृति पर होता है। मृतक आश्रितों को नियमानुसार नौकरी मिल रही है। कोई समस्या लंबित नहीं है।







# नियुक्ति तिथि से भटक रहा पेंशन को सेवानिवृत्त संग्रह अमीन

## - हाईकोर्ट रूलिंग व कमिश्नर के आदेश बाबूओं के लिए बेमानी

मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)। हाईकोर्ट की रूलिंग एवं कमिश्नर के आदेश के बावजूद सेवानिवृत्त अमीन को नियुक्ति तिथि से पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कमिश्नर की ओर से पेंशन कोर्ट में निस्तारण के आदेश देने के बावजूद बुजुर्ग सेवानिवृत्त संग्रह अमीन अफसरों के दरबार में चक्कर लगाने के साथ लाचार सिस्टम से थक चुका है, दूसरी ओर अधीनस्थ अधिकारियों की उदासीनता कमिश्नर की ओर से पेंशन कोर्ट में निस्तारण के आदेश पर भारी है, जबकि वरिष्ठता क्रम में कनिष्ठ रहे एक दूसरे अमीन को नियुक्ति तिथि से उक्त पेंशन का लाभ दिया जा चुका है। नगर के लद्धावाला निवासी ईनामउर्रहमान ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 19 सितंबर 1978 को उसकी अस्थाई नियुक्ति संग्रह अमीन के पद पर हुई थी। एक अक्तूबर 1983 को शासन के आदेश पर उसे स्थाई कर दिया गया था। करीब 40 वर्ष की सेवा के बाद वो रिटायर्ड हुए, लेकिन उसे पेंशन का लाभ स्थाई नियुक्ति की तिथि से दिया गया। रिटायर्ड अमीन ने बताया कि हाईकोर्ट एक ऐसे मामले में संग्रह अमीनों की सेवा नियुक्ति तिथि से जोड़ कर पेंशन व सेवानिवृत्ति का लाभ देने का आदेश दे चुका है। हाई कोर्ट आदेश के मुताबिक पेंशन देने के लिए नियुक्ति पद का नाम नहीं, सेवा की प्रकृति महत्वपूर्ण है। उसने बताया कि संग्रह अमीन पद पर नियुक्ति के समय उनका वरिष्ठता क्रम छह था, जबकि उनसे काफी कनिष्ठ और वरिष्ठता क्रम में 31 नंबर पर रहे संग्रह अमीन को अस्थाई नियुक्ति तिथि से पेंशन व सेवानिवृत्ति का लाभ दिया जा चुका है। डीएम से मिल कर उसने बताया कि 11 दिसंबर 2024 को कमिश्नर की अध्यक्षता में संपन्न पेंशन अदालत में उनके वाद का निस्तारण करने के तब आदेश दिये जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद उसे लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# अपने जन्मदिवस पर वंश दुआ ने महाकाल लंगर में की भोजन सेवा

## -उत्तम गौ सेवा में 5100 रुपये का किया योगदान

मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सम्पादक अंकुर दुआ के सुपुत्र वंश दुआ के जन्मदिवस के अवसर पर अपने दोस्तों के साथ केक काटने के साथ-साथ गरीब लोगों का ध्यान रखते हुए एवं गौ सेवा के लिए भी अपना योगदान दिया। शाम 5.15 बजे भगवान शिव के भक्त महेश बाठला द्वारा चलाई जा रही लंगर सेवा में पहुंचकर पूरे परिवार ने वहां मौजूद सैकड़ों लोगों को भोजन कराया साथ ही साथ बुलेटिन सम्पादक ने आमजन से अपील की कि बेशक आप अपने बर्थडे का मनोरंजन रेस्टोरेंट, पार्टी आदि में कीजिए मगर इस दौरान कुछ नेक काम भी करें। महाकाल लंगर सेवा के अध्यक्ष महेश बाठला ने इस अवसर पर बताया कि 28 मई को महाकाल लंगर सेवा के पांच वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। कोरोना काल से शुरू हुआ ये लंगर बिना किसी अवकाश के भोलेनाथ की कृपा व जनपद के विभिन्न समाजसेवियों के सहयोग से चल रहा है। आज तक लंगर में भोले की कृपा से कोई कमी नहीं आई और जिन लोगों ने भी इस लंगर की सेवा में अपना योगदान कर गरीबों को भरपेट भोजन कराया है, उनके यहां भगवान भोलेनाथ ने भी अपने अन्न, धन के भंडार खोले हैं। इस अवसर पर पूरा परिवार लंगर सेवा में मौजूद रहा। महाकाल लंगर सेवा से जुड़े स. गुरजीत सिंह साहनी ने वंश दुआ व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ को महाकाल का पटका पहनाकर सम्मान दिया व रमिन्द्र कौर ने पूजा दुआ का सम्मान किया। महाकाल लंगर सेवा से जुड़े भावना, श्याम नारंग, अनिल बजाज, नवीन त्यागी, सचिन खुराना, राजेश गोयल, हिमांशु बाठला, भाग्यवान, जोगेंद्र खुराना आदि मौजूद रहे।

# राह चलती महिला को किस करके भागा मोपेड सवार मनचला पकड़ा गया



मेरठ, 27 मई (एजेंसी)। लिसाड़ी गेट का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में एक महिला को मोपेड सवार युवक सरेराह किस करके भाग जाता है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच में लग गई। देर शाम आरोपी सुहेल को गिरफ्तार कर लिया गया। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो बीती 20 मई का है। वीडियो में बुर्का पहने महिला के आगे एक बच्ची चल रही है। इसी बीच एक युवक मोपेड पर आता है और महिला की तरफ बढ़ता है। इससे पहले कि महिला कुछ समझ पाती, मोपेड सवार युवक महिला को किस करके भाग जाता है। महिला शोर मचाती है और युवक को गालियां देती है। शोर सुनकर पड़ोसी घरों से बाहर आते हैं और पूछते हैं क्या हुआ। वायरल वीडियो को देखकर पुलिस हरकत में आग गई है। युवक की पहचान करने का प्रयास किया गया। महिला पुलिसकर्मी ने पीड़ित महिला के बयान भी लिए। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने कहा कि जल्द आरोपी का पता कर लिया जाएगा। मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। देर शाम सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि आरोपी सुहेल निवासी अहमदनगर लिसाड़ीगेट को गिरफ्तार कर लिया है। उसे मीडिया के सामने पेश भी किया गया, जहां वह लंगड़ाता हुआ दिख रहा है। वो कहता है सर गलती हो गई।


# सनातन धर्म पूर्ण रूप से वैज्ञानिक : संजीव शंकर



मुजफ्फरनगर, 26 मई (बुस.)। सनातन धर्म कितना वैज्ञानिक है, वट सावित्री व्रत से पता चलता है। जगत के सभी जीव जंतु वातावरण से ऑक्सीजन लेते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं। ऑक्सीजन हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। कोरोना टाइम में ऑक्सीजन के महत्व का पता चला, वट वृक्ष जिसे बरगद भी कहते हैं, एकमात्र ऐसा वृक्ष है जो, पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह हवा में कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करता है और ऑक्सीजन छोड़ता है। इसके अलावा प्रदूषण को कम करने और जल चक्र को बनाए रखने में भी मदद करता है। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता वांगारी मथाई ने वट वृक्ष लगाए। दक्षिणी भारत में वट वृक्ष (बरगद) लगाने के अभियान के लिए प्रसिद्ध महिला का नाम है सालूमरदा थिमक्का। उन्होंने अपने जीवन में लगभग 3,800 से अधिक पेड़ लगाए हैं। महामृत्युंजय सेवा मिशन अध्यक्ष संयोजन करने कहा कि संभव हो तो जीवन में एक बार वट वृक्ष जरुर लगाऐ, तभी वट सावित्री व्रत पूर्ण होगा।

# आस्था और विश्वास के बीच धूमधाम से मना वट सावित्री व्रत

## - बुजुर्गों को भोजन व उपहार देकर मांगा पति की लंबी उम्र का आशीर्वाद - मंगलवार को दान-पुण्य की अमावस्या रहेगी हितकारी



मुजफ्फरनगर, 26 मई (बु.)। हिंदू धर्म संस्कृति के बीच देशभर के साथ जिलेभर में वट सावित्री व्रत सोमवार को आस्था-विश्वास के बीच मनाया गया। हालांकि पंचांग गणना के बीच कुछ क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा मंगलवार को भी वट सावित्री व्रत रखे जाने की संभावना जताई जा रही है। अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए मनाए जाने वाले इस धार्मिक पर्व की मान्यता है कि इस दिन किए गए दान-पुण्य का कई गुना फल मिलता है। वट सावित्री व्रत हर वर्ष ज्येष्ठ माह अमावस्या तिथि को रखे जाने का विधान है। इस बार वैसे तो अमावस्या मंगलवार को भी रहेगी, लेकिन अमावस्या उदय तिथि 26 मई, सोमवार को रही, जबकि मंगलवार सुबह दान-पुण्य का विशेष महत्व रहेगा। वैसे इस दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की ही पूजा करती हैं। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन विधिवत पूजा-अर्चना करने मात्र से जहां अखंड सौभाग्य का फल मिलता है, वहीं पति को लंबी आयु प्राप्त होती है। सोमवार को इन्हीं परम्पराओं के बीच आस्था एवं विश्वास का प्रतीक वट सावित्री व्रत देशभर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान घरों में अलसुबह से ही सुहानि स्त्रियां साफ-सफाई के साथ अपने बुजुर्गों को प्रसन्न करने के निमित्त भोजन और उपहार देने के लिए खुशनुमा माहौल में तैयारियों में जुटी रही। वट सावित्री व्रत रखने वाली महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करने से पूर्व सावित्री-सत्यवान की कथा, लाल कलावा, कच्चा सूत, धूप-दीप, अगरबत्ती, घी, रोली, मिठाई, मिट्टी का दीपक, सवा मीटर कपड़ा, नारियल, पान, अक्षत, सिंदूर व अन्य तमाम श्रृंगार का सामान भेंट स्वरूप थाली में रखते हुए पूजा करती हैं। विधि-विधान से पूजा करने के बाद में वट वृक्ष पर जल चढ़ाती हैं। वहीं कच्चे सूत से वट के वृक्ष में सात बार परिक्रमा करने का विधान है। हालांकि अधिकांश महिलाएं घरों में वट वृक्ष के पत्तों को घड़ा, करवा या कलश स्वरूप लोटे में रखते हुए इस बीच महिलाएं पूजन कर घर परिवार की सुख-समृद्धि के साथ पति की लंबी आयु की मंगल कामनाओं के साथ बुजुर्गों को भोजन के साथ उपहार स्वरूप वस्त्र व धनराशि भेंट करती हैं। वहीं देर सायं महिलाएं चन्द्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं। मान्यता है कि यम का भय वट वृक्ष दूर करता है। वहीं महिलाएं व्रत में आम, चना, पूरी, खरबूजा, पुआ आदि चीजों से वट वृक्ष या उसके पत्तों की पूजा करती है। वट सावित्री व्रत देवी सावित्री को समर्पित है, जिन्होंने अपने पति सत्यवान को मृत्यु के देव यमराज से बचाया था। पौराणिक मान्यता के तहत, सावित्री ने बरगद के पेड़ के नीचे मृत पति के जीवन को वापस लाई थी। यमराज को अपने पुण्य धर्म से प्रसन्न कर, आशीर्वाद प्राप्त किया था। यही कारण है कि वट सावित्री व्रत पर महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती हैं। इसके अलावा संतान प्राप्ति के लिए यह व्रत लाभकारी है। पंचांग गणना के आधार पर भरतिया कॉलोनी नई मंडी स्थित मनकामेश्वर शिव मंदिर के पुरोहित पं. अरूण मिश्रा ने बताया कि वट सावित्री पूजन ज्येष्ठ माह अमावस्या को मनाई जाती है, जो सोमवार 26 मई को अमावस्या पूर्व विद्धा यानि चतुर्दशी-अमावस्या का संयोग सूर्योदय से तीन मुहूर्त आगे या सूर्यास्त से तीन मुहूर्त बाद होना चाहिए। इसके साथ चतुर्दशी के 18 घटी से अधिक व अमावस्या को दूषित करने का नियम इस अमावस्या पर लागू नहीं होता।






# 'सेना को खुली छूट, भारतीयों का खून बहाने वाले लोगों को उन्हीं की भाषा में दिया जाएगा जवाब', भुज में बोले पीएम मोदी



भुज, 26 मई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के भुज जिले के एक कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पहुंचने पर पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया गया। यहां से उन्होंने कई क्षेत्रों के लिए 53,400 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया। यहां से उन्होंने दुश्मन देश पाकिस्तान को एक बार फिर साफ शब्दों में चेतावनी दी है। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारतीयों का खून बहाने वाले लोगों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाएगा। मैंने सेना को खुली छूट दे रखी है। भारतीयों पर आंख उठाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम मोदी ने कहा, 'आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी नीति को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है, जो भी हमारे खून को बहाएगा, उसे इसी तरह का जवाब मिलेगा। किसी भी कीमत पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर मानवता को बचाने और आतंकवाद को खत्म करने का मिशन है। हमने 15 दिनों तक इंतजार किया कि क्या पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ कोई कदम उठाएगा, लेकिन शायद आतंकवाद ही उनकी रोजी-रोटी है, जब उन्होंने कुछ नहीं किया, तो मैंने अपने सशस्त्र बलों को खुली छूट दे दी।' पीएम मोदी ने कहा कि 'भारत की प्रतिक्रिया के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। उन्होंने कच्छ सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन भेजे। 1971 के युद्ध के दौरान कच्छ की बहादुर महिलाओं ने भुज रनवे को 72 घंटे में मरम्मत करके पाकिस्तान के दुष्प्रचार को परास्त कर दिया। वे महिलाएं मेरे पास आईं और मुझे आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने मुझे सिंदूर का पौधा भी उपहार में दिया। इसे प्रधानमंत्री आवास में लगाया जाएगा।' इसके पहले जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'कच्छ से मेरा रिश्ता पुराना रहा है। कच्छ के लोगों और उनके आत्मविश्वास ने हमेशा मेरा मार्गदर्शन किया है, जब नर्मदा का पानी पहली बार कच्छ पहुंचा, तो वह दिन कच्छ के लिए दिवाली से कम नहीं था। यह एक अभूतपूर्व उत्सव था। सौभाग्य से आप सभी ने मुझे ऐसा होने का कारण बनने का मौका दिया।'

# पोस्को केस से फ्री हुए बृजभूषण! पटियाला कोर्ट ने कहा, आरोप बेबुनियाद



नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसी)। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को पोस्को एक्ट के तहत दर्ज केस में पटियाला हाउस कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है, जिससे यह मामला अब आधिकारिक तौर पर बंद हो गया है। यह मामला उस समय चर्चा में आया था, जब एक नाबालिग महिला पहलवान ने बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था, लेकिन अब कोर्ट में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने खुद यह स्वीकार किया है कि उसने झूठा आरोप लगाया था। इस फैसले के बाद बृजभूषण सिंह के बेटे और विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, हमने एक झूठे और मनगढ़ंत मामले में न्यायिक विजय प्राप्त की है। हर तथ्यहीन आरोप अब न्याय के कठघरे में धराशायी हो रहा है। यह सत्य की जीत है और यह जीत आगे भी कायम रहेगी।

# एडीएम के कान से निकलीं 4 मधुमक्खियां:500 डंक निकाले गए



ललितपुर, 26 मई (एजेंसी)। ललितपुर में मधुमक्खियों के हमले में घायल एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव की हालत गंभीर बनी है। डॉक्टरों ने उनके चेहरे से 500 डंक निकाले हैं। कान से 4 मधुमक्खियां भी निकली हैं। एडीएम का झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मयंक सिंह ने बताया कि एडीएम राजेश श्रीवास्तव को सैकड़ों डंक लगे थे। ललितपुर के बाद मेडिकल कॉलेज में भी डंक निकाले गए हैं। उनको आईसीयू में एडमिट किया गया है। उनको ब्लड प्रेशर और शुगर की बीमारी पहले से है। घटना के बाद उनका ब्लड प्रेशर भी बढ़ गया था। वहीं, सीडीओ कमलाकांत समेत बाकी अफसरों की हालत में सुधार है। सोमवार सुबह सभी को ललितपुर मेडिकल कॉलेज से छुट्टी दे दी गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मधुमक्खियां इत्र की खुशबू से उड़कर आ गई होंगी। 25 मई को ललितपुर के देवगढ़ जंगल में अधिकारी पर्यटन और जल जीवन मिशन के लिए सर्वे करने पहुंचे थे। तभी मधुमक्खियों ने उन पर अटैक कर दिया था। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार से सभी घायलों का उचित उपचार कराने की बात कही है। 25 मई को विशेष सचिव अधिकारियों के साथ देवगढ़ एवं आस-पास के क्षेत्र में निरीक्षण करने गए थे। नोडल अधिकारी निरीक्षण के लिए कुछ ही दूर निकले थे कि मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसमें मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पांडेय और अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही 3 कर्मचारी सामान्य रूप से घायल हुए थे। मुख्य विकास अधिकारी और अन्य की हालत सामान्य हो गई, जबकि एडीएम का झांसी मेडिकल कॉलेज के क्षव में इलाज चल रहा है। घायलों का इलाज करने वाले चिकित्सक डॉ. पवन सूद ने बताया- एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव के चेहरे से करीब 500 डंक निकाले गए हैं। इसके अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में भी डंक लगे थे। उनके कान में भी मधुमक्खी घुस गई थीं। दोनों कान से 4 मधुमक्खियां निकाली गई हैं।

# चार दिन से गायब युवक की शव बरामद



चरथावल, 26 मई (बु.)। पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ी से चार दिन पूर्व गायब हुए युवक का शव चरथावल नहर झाल से बरामद हुआ है। पुलिस ने परिजनों कि सूचना पर नहर से शव को निकलवा पंचनामा कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ी निवासी 32 वर्षीय धनवंत कश्यप 23 मई को रहस्यमय परिस्थिति मे गायब हो गया था। परिजन तभी से धनवंत की तलाश कर रहे थे, तलाश के बाद परिजनों को धनवंत का कोई सुराग नहीं लगा था। पुरकाजी पुलिस द्वारा धनवंत की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही थी। सोमवार को देर शाम परिजन गंगनहर चरथावल में धनवंत को तलाश को निकले थे। किसानों की सूचना पर चरथावल झाल में फंसी एक बोरी को तलाश करने पर परिजनों के होश फाख्ता हो गए। पिता इलमचंद ने शव की शिनाख्त 32 धनवंत कश्यप के रूप में करते हुए कुछ लोगों पर अपने पुत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने मामले में कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरवाया और शव को पीएम के लिए भिजवा दिया। परिजनों को अग्रिम कार्यवाही के लिए थाना पुरकाजी रवाना कर दिया।